हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 5 नवंबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी



06 मंडी में किसानों को 4501 रुपए तक मिल रहे सोयाबीन…





09 हम युवाओं ने जब से होश संभाला कांग्रेस की सरकार…




## खबर संक्षेप

### इटारसी से गुजरेंगी स्पेशल ट्रेनें

**नर्मदापुरम।** भारतीय रेलवे ने यात्रियों की बढ़ती मांग और सुविधा को देखते हुए कई विशेष ट्रेनों का संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। इनमें से चार स्पेशल ट्रेनें भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेंगी। इन ट्रेनों से मुंबई, केरल और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों तक यात्रा करने वाले यात्रियों को सीधी सुविधा मिलेगी। जिसमें पहली विशेष ट्रेन बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल है, जो एक ट्रिप के लिए चलेगी दूसरी बरौनी-बांद्रा टर्मिनस स्पेशल भी एक ट्रिप के लिए निर्धारित की गई है। तीसरी ट्रेन बरौनी–एरणाकुलम जंक्शन स्पेशल दो ट्रिप के लिए चलाई जाएगी। चौथी विशेष ट्रेन मुज़फ़्फ़रपुर–बेंगलुरु स्पेशल चलेगी।

### बांद्राभान मेले का आयोजन जारी

**नर्मदापुरम।** मां नर्मदा एवं तवा के संगम तट बांद्राभान में सोमवार से तीन दिवसीय बांद्राभान मेला दूसरे दिन भी जारी रहा। मंगलवार को दूर दूर से श्रृद्धालु मां नर्मदा के पावन जल में स्नान करने पहुंचे। बताया जाता है कि बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन बांद्राभान में करीब 6 से 8 लाख श्रृद्धालु स्नान करने पहुंचेंगे।

## जनसुनवाई में की गई 76 आवेदनों पर सुनवाई, कार्रवाई के दिए निर्देश

# किसी ने मकान पर अवैध कब्जा की तो कोई लेकर आया दूषित जल की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

आम जनों की समस्या एवं शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए प्रति मंगलवार को जनसुनवाई का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।जनसुनवाई के कार्यक्रम में आवेदक की समस्या एवं शिकायतों पर कार्रवाई की जाती है। आज आयोजित जनसुनवाई में 76 आवेदनकर्ताओ ने आवेदन प्रस्तुत कर अपनी विभिन्न समस्या एवं शिकायत के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किये। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन एवं अपर कलेक्टर राजीव रंजन पांडे ने सभी आवेदनों पर सुनवाई की। जनसुनवाई में मारपीट, अनुकंपा नियुक्ति, अवैध कब्जा हटाने, शराब दुकान बंद कराने, जर्जर मकान ध्वस्त करने, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, विधवा पेंशन आदि के आवेदन आए।

आम जनों की समस्या एवं शिकायतों के निराकरण के लिए जनसुनवाई आयोजित की गई जिसमें 76 आवेदनों का निराकरण किया गया।



### कब्जा दिलाने की मांग

डोलरिया के लखन लाल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उनकी जमीन पर अन्य कृषक ने कब्जा कर लिया है। सीमांकन के पश्चात यह साबित हो गया है कि वह जमीन उनकी है आदेश जारी होने के पश्चात भी अब तक उन्हें उनकी जमीन पर कब्जा नहीं मिला है। आवेदक लखन लाल ने शीघ्र ही जारी आदेश का पालन करवाने और उनकी जमीन पर कब्जा दिलाने की मांग की।

### बेटी के विवाह के लिए जोड़े पैसे दिलाने की मांग

एक अन्य आवेदनकर्ता ने प्रस्तुत आवेदन में बताया कि उन्होंने सहारा समूह में निवेश किया था। निवेश की अवधि सितंबर 2018 में पूर्ण होने के बाद भी उनको जमा राशि 4 लाख 15 हजार 250 रुपए का भुगतान नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि वह एक छोटे दुकानदार हैं और उनकी बेटी का विवाह होना है। उक्त राशि प्राप्त होने से वे अपनी बेटी का विवाह करा सकेंगे। अपर कलेक्टर पांडे ने एसडीएम नर्मदापुरम को उक्त आवेदक का परीक्षण कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही ग्राम खरगावली के शुभम यादव ने प्रस्तुत आवेदन बताया कि उनके पिता स्वर्गीय बृजमोहन यादव ग्राम पंचायत मुड़िया बेड़ी में सचिव के पद पर कार्य करते हुए ड्यूटी के दौरान स्वर्गवासी हो गए। पिताजी की मृत्यु के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। उन्होंने पिताजी की जगह अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने की मांग की, ताकि उनके परिवार का भरण पोषण हो सके। अपर कलेक्टर ने प्रस्तुत आवेदन पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम को आवेदन का परीक्षण कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### पीने के पानी की भी परेशानी

खोजनपुर मोहल्ला के अपर लाल पटेल ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि खोजनपुर कचरा मोहल्ले में 40 दिन से पीने का पानी खराब जा रहा है, जिससे उनके मोहल्ले में रहने वाले सभी व्यक्तियों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने समस्या का जल्द ही समाधान करने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। अपर कलेक्टर पांडे ने अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए।

# कार्यालय में कुछ मिले अनुपस्थित कई समय पर नहीं पहुंचते दफ्तर

## कमिश्नर का माखनगर जनपद कार्यालय का दौरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम संभाग कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी ने सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय माखननगर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जनपद पंचायत दफ्तर के कर्मचारियों के देरी से ऑफिस पहुंचने और अनुपस्थित रहने आदत उजागर हुई। कमिश्नर को जनपद पंचायत कार्यालय में मात्र 6 कर्मचारी ही उपस्थित मिले। 26 कर्मचारी अनुपस्थित थे। जिसमें दफ्तर के मुखिया समेत सब इंजीनियर व अन्य थे। जनपद पंचायत कार्यालय में पदस्थ 32 अधिकारी एवं कर्मचारी जिनमें इंजीनियर एवं सब इंजीनियर भी शामिल हैं। इन कर्मचारियों में से मात्र 6 कर्मचारी उपस्थित पाए गए। कमिश्नर सुबह 10:45 बजे अचानक जनपद पंचायत कार्यालय पहुंचे थे। तब तक 6 कर्मचारी के अलावा अन्य कोई भी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित नहीं था।

कमिश्नर तिवारी द्वारा बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थित की जानकारी निकलवाई गई। जिसमें पाया गया कि अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय नहीं आते हैं। इस पर कमिश्नर तिवारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त की।

कमिश्नर ने कहा कि ऐसा लगता है कि मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत स्वयं कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थित नहीं होते हैं, इस कारण कर्मचारी भी समय पर अनुपस्थित रहते हैं। कर्मचारियों की अनुपस्थिति के चलते जनपद कार्यालय आए हुए विभिन्न हितग्राहियों को अपने कार्य को कराने में अनावश्यक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर में 2 की स्क्रीनिंग आत्महत्या रोकने के लिए गेटकीपर बनाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सिवनीमालवा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ नरसिंह गेहलोत के निर्देश पर मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 62 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिसमें 12 पॉजिटिव रोगियों को दवा और परामर्श दिया गया। शिविर में क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट नाजिया सिद्दीकी ने अवसाद, नशा, दिमागी बीमारी जैसी बीमारियों के बारे में जानकारी एवं जिला अस्पताल में स्थित मनकक्ष के कार्यों की जानकारी दी गई।

शिविर में ईश्वर विश्नोई उमंग काउंसलर ने गर्भवती महिलाओं, बच्चों और अन्य सभी को टेलीमानस सेवा और टोल फ्री नंबर 14416 की विस्तृत जानकारी दी। शिविर में बीएमओ डॉ. शेखर रघुवंशी, डॉ अंकित गौर मनकक्ष नोडल अधिकारी, डॉ धारा राज, प्रिया पाण्डे, निधि पटवा सहित अन्य स्टॉफ उपस्थित रहा।



# मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस ने की बैठक, कार्यकर्ताओं को दिए अहम निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण को लेकर नगर कांग्रेस की बैठक गीता मैरेज पैलेस में सम्पन्न हुई बैठक में अति शीघ्र नए बीएलओ बनाने एवं मतदाता सूची में कोई भी गलत नाम न रहने पाए एवं वैध नाम न कट पाए इस पर विशेष निगरानी रखने का कार्यकर्ताओ को कहा गया। बैठक में विधानसभा प्रभारी नवनीत मालवीय पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा चन्द्रगोपाल मलैया नगर कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेन्द्र तिवारी नेता प्रतिपक्ष नपा अनोखी राजोरिया ज्योति मालवीय पुष्पलता जायसवाल संतोष तोमर अजीत विष्ट जीजी जोसफ नसीम कुरैशी गुलाम हैदर आनंद थापक बबलू राठौर जागेश यादव अमित खत्री कुलदीप राठौर राजेन्द्र मिश्रा गुलाम हैदर विजेंद्र राजपूत रिजवान कमलेश बाथरे कीर्ति मिश्रा अंकित दुबे हेमंत चौधरी अशोक अहिरवार कृष्णा चौहान रामगोपाल मालवीय विशाल प्रधान लखन यादव प्रकाश यादव सलीम खान शैलेन्द्र तोमर देवेंद्र रिठौरिया महमूद छोटेराम यादव समेत अनेक कांग्रेस जन उपस्थित रहे।



### विद्यार्थियों ने सीखा बैल हांकना, मछली पकड़ना, और साथ ही जनजातीय व्यवस्था से हुए रूबरू

**नर्मदापुरम।** जिले के 45 छात्रों और 4 फैकल्टी सदस्यों ने मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा आयोजित एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में भाग लिया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण पर्यटन, सांस्कृतिक विरासत और जनजातीय अर्थव्यवस्था के प्रति जागरुकता और सराहना विकसित करना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने स्थानीय खेल, बैलगाड़ी की सवारी, पलकमती नदी तक ट्रैकिंग, मछली पकड़ना, हाथ से आटा पीसना, सेतम जनजाति के पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों जैसे कई ग्रामीण अनुभवों का आनंद लिया। यह दौरा टूरिस्ट फैसिलिटेशन सेंटर भोपाल की नैनिका मीणा जो 'सेफ टूरिज्म डेस्टिनेशन फॉर वीमेन कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित हैं-के नेतृत्व में आयोजित किया गया। पूरे कार्यक्रम का मार्गदर्शनके डायरेक्टर (स्किल) डॉ. डी.पी. सिंह द्वारा किया गया। पूरे दिन चले इस कार्यक्रम में छात्रों ने खीर, पूरी, आजी, चावल, दाल, अचार और पकोड़ों जैसी स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया। भ्रमण का समापन छेदका पर्यटन ग्राम में संचालित छह होमस्टे की सैर और एक रोचक क्विज के साथ हुआ, जिसने छात्रों को ग्रामीण पर्यटन की समृद्ध संभावनाओं से रूबरू कराया।



# विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया हुई प्रारंभ अब बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

निर्वाचन आयोग भारत द्वारा मप्र में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया प्रारम्भ की जा रही है। इस अभियान के अंतर्गत 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन किया जाएगा। इस अवधि में प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी मतदाताओं के निवास पर जाकर उनके नाम, पत्ता, आयु एवं अन्य विवरणों का भौतिक सत्यापन करेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा सभी नागरिकों से इस प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी एवं पूर्ण सहयोग का आग्रह किया गया है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मप्र श्री संजीव झा ने मतदाताओं से अपील की है कि जब बीएलओ आपके घर आएँ, तो कृपया उन्हें आवश्यक सहयोग प्रदान करें। बीएलओ के पास पहले से मतदाता सूची 2025 के विवरण के अनुसार आपके नाम, पता और EPIC नंबर सहित प्री-प्रिंटेड एन्यूमरेशन फॉर्म होगा।

नागरिकों से अपेक्षा की जाती है कि वे इस फॉर्म में भरी गई जानकारी को ध्यानपूर्वक जाँचें तथा पुष्टि करें। जिन परिवारों में कोई नया सदस्य 1 जनवरी 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 उपलब्ध कराया जाएगा। यदि किसी परिवार सदस्य का निधन हो गया हो या वह अन्यत्र स्थानांतरित हो गया हो, तो उसकी जानकारी भी बीएलओ को दें ताकि सूची से नाम विलोपित किया जा सके। यह ध्यान देने योग्य है कि घर-घर सर्वेक्षण के दौरान बीएलओ कोई भी दस्तावेज़ एकत्र नहीं करेगा। दस्तावेज़ केवल तभी आवश्यक होंगे जब किसी प्रविष्टि का सत्यापन पूर्ववर्ती रिकॉर्ड से मेल न खाए। ऐसी स्थिति में संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्री अधिकारी (ERO) अलग से सूचना देकर आवश्यक दस्तावेज माँगेगा। बीएलओ आयोग द्वारा अधिकृत पहचान-पत्र लेकर आएँगे, अतः नागरिक उनसे पहचान-पत्र देखकर जानकारी साझा करें।

# नप कार्यालय के बाहर रखी कचरा संग्रह के लिए पेटियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर परिषद कार्यालय के बाहर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के आदेश पर कार्यालयीन कचरा संग्रह के लिए पेटियां रखी गई हैं। कार्यालय के मुख्य गेट के बाहर दो पेटी रखी गई हैं।

जिनमें कागजी कचरा अलग संग्रहित किया जाएगा। जबकि प्लास्टिक फाइल रैपर्स या पॉलिथीन से संबंधित कचरा अलग पेटी में रखा जाएगा। यह पेटियां रखकर नगर परिषद द्वारा जनता को स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है।

# नपाध्यक्ष ने पाईप लाईन कार्य का किया निरीक्षण लेवर सेफ्टी व गुणवत्तापूर्ण कार्य के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगर में लगातार विकास कार्य चल रहे हैं जिनका समय समय पर निरीक्षण कर उनकी गुणवत्ता और सुरक्षा संबधि निर्देश जारी किए जा रहे हैं। नागरिकों के लिए नगर में डाली जा रही अमृत 2.0 नल जल योजना के तहत कार्य का निरीक्षण नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा किया गया। इस निरीक्षण के दौरान निर्माण एजेंसी और नपा की उपयंत्री आयुषी रिछारिया उपस्थित रहीं।

उपयंत्री आयुषी रिछारिया ने बताया कि वार्ड क्रमांक 16 में अमृत 2.0 योजना के तहत डाली जा रही पाइप लाइन का निरीक्षण नपाध्यक्ष और सीएमओ द्वारा किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए कि जो भी लेवर कार्य कर रही है उनकी सेफ्टी का विशेष ध्यान रखें। कार्य गुणवत्तापूर्ण हो और सही तरीके से रेस्टारेशन करें।

वहीं मालाखेड़ी वार्ड 11 में बन रही पानी की टंकी का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया गया कि जो भी कार्य कर रहे हैं वह सावधानीपूर्वक किया जाए। साथ ही ग्रीन नेट लगाएं और मजदूरों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। कार्य को गुणवत्तापूर्ण और समय सीमा में पूर्ण कराएं जिससे कि नागरिकों को समय पर इस योजना लाभ मिले सके।



# विजय पांचाल जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के जिलाध्यक्ष नियुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

इटारसी मध्य प्रदेश जल संसाधन विभाग स्पोर्ट्स क्लब के क्षेत्रीय अध्यक्ष बशारत खान ने नर्मदा पुरम जिला अध्यक्ष पद के लिए विजय पांचाल बैडमिंटन खिलाड़ी को मनोनीत किया खान ने बताया विजय पांचाल अनुविभागी अधिकारी पद पर कार्यरत है। एक सप्ताह के अंदर जिला कार्यकारिणी गठन कर खेल गतिविधि सुचारू संचालन हेतु कार्य करने के लिए कहा है। उनकी नियुक्ति पर प्रभारी नर्मदा पुरम महेंद्र उगले क्षेत्रीय सचिव हेमंत अजनेरिया प्रांतीय संयोजक कैलाश सिंह राजपूत दीपक चौरे प्रांतीय संयुक्त सचिव अशोक शर्मा प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य अरविंद वस्तरवार क्षेत्रीय समन्वयक विजय मसाने दिलीप भूरिया रीवा शंकर संतो रे सतीश मसाने अनुराग पटेल अमित पटेल मनोज नागेश सहित समस्त पदाधिकारी खिलाड़ियों ने बधाई देते हुए क्षेत्रीय अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया।

## आयोजन से पूर्व वनकर्मियों को मास्टर ट्रेनर दे रहे प्रशिक्षण

# अब सतपुड़ा टाईगर में गिने जाएंगे बाघ, 1 दिसंबर से 4 चरण में शुरू किया जाएगा अखिल भारतीय बाघ गणना कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

अखिल भारतीय बाघ गणना 2026 की तैयारी शुरू हो गई है। गिनती एक दिसंबर से चार चरणों में देश और प्रदेश में होगी। इसके लिए अलग-अलग स्तर पर वन अधिकारियों और वनकर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नर्मदापुरम जिले के पचमढ़ी वन विद्यालय में 3 से 5 नवंबर तक मास्टर ट्रेनरों को ट्रेनिंग दी जा रही है। यह ट्रेनिंग वर्तमान में जारी है।

प्रशिक्षण में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, बैतूल, हरदा के सामान्य वन मंडल और छिंदवाड़ा वन विकास निगम के मास्टर ट्रेनर शामिल हुए हैं। इन्हें थ्योरी के साथ फील्ड में जाकर बाघ गणना की तकनीक और सावधानियां समझाई जा रही हैं।



### कर्मचारियों को मिलेगी ट्रेनिंग

ये मास्टर ट्रेनर रेंजर स्तर के कर्मचारियों को ट्रेनिंग देंगे। ट्रेनिंग में एसटीआर, नर्मदापुरम वन मंडल, हरदा वन मंडल, बैतूल वृत्त के सभी वन मंडल और छिंदवाड़ा व बैतूल वन विकास निगम के कुल 45 मास्टर ट्रेनर शामिल हैं। तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को हुआ। ट्रेनिंग के दौरान बाघ की आवाज सुनाकर गणना का भी प्रशिक्षण दें रहे। मास्टर ट्रेनर ट्रेनिंग में बैतूल के एससीएफ जितेंद्र आवासे, डब्ल्यूआईआई देहरादून के प्रतिनिधि देव रंजन, और तेजस कर्माकर प्रशिक्षण दे रहे हैं। शुरुआती कार्यक्रम में सहायक संचालक संजीव शर्मा, रेंजर विवेक तिवारी, उमेश मारू और निलेश भट्ट सहित वनकर्मी मौजूद रहे।

### पिछली बार 62 थी बाघों की संख्या

फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने प्रशिक्षण के दौरान अखिल भारतीय बाघ गणना की प्रक्रिया और उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि यह गणना हर 4 साल में होती है। साल 2022 की गणना में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में 62 बाघ दर्ज किए गए थे। इस बार 2025 में सर्वे होना है। बाघ गणना की तैयारी पिछले 20 दिनों से चल रही है।

# आरएसएस का हुआ शालेय विद्यार्थी पथ संचलन संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार शाम सोहागपुर में शालेय विद्यार्थी पथ संचलन का आयोजन किया गया।

शहर के रानी लक्ष्मीबाई मंच के सामने स्थित मैदान से संचलन प्रारंभ किया गया। संचलन यहां से पुराने अस्पताल रोड, शासकीय कन्या शाला मार्ग, बिहारी चौक, कमानिया गेट मार्ग तथा मुख्य मार्ग होते हुए वापस प्रारंभ स्थल पहुंचकर संपन्न हुआ। संचलन में बड़ी संख्या में शालेय विद्यार्थी स्वयं सेवकों के रूप में सम्मिलित हुए।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक्टर पलटने से ड्राइवर की मौत

**बैतूल**। आठनेर क्षेत्र में सोमवार शाम ट्रैक्टर पलटने से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले आठनेर सीएचसी और फिर जिला अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान आठनेर के शिवशंकर तांडिलकर (45) के रूप में हुई है। वह ट्रैक्टर से खेत से भुट्टे लाते समय हादसे का शिकार हुए। बताया जा रहा है कि ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसमें वह नीचे दब गए। ग्रामीणों को जब घटना की जानकारी मिली तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे और शिवशंकर को ट्रैक्टर के नीचे से निकाला। इसके बाद उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आठनेर लाया गया, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### फार्म जमा करने की अंतिम तारीख आज

**बैतूल**। माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाओं में फेल होने के बाद विद्यार्थी निराश हो जाते हैं। फेल होने पर उनका साल बर्बाद हो जाता है, ऐसे विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रदेश सरकार ने दो योजनाएं शुरू की हैं। इसमें कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में फेल होने वाले विद्यार्थियों के लिए, रुक जाना नहीं योजना और आ लौट चले योजना में दूसरा अवसर मिल रहा है। अब फार्म जमा करने की तारीख 31 अक्टूबर से बढ़ाकर 5 नवंबर तक कर दी है। इस संबंध में मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के नोडल पर्सन बैतूल राजेश करोले ने बताया कि दोनों योजनाओं में माशिमं में द्वितीय अवसर में सेल परीक्षार्थी भी इस योजना में अब फॉर्म जमा करने की तारीख 5 नवंबर तक बढ़ा दी है। जिन विद्यार्थियों ने अब तक फार्म जमा नहीं किए हैं, वे योजना के तहत फार्म जमा कर सकेंगे। फार्म ऑनलाइन जमा होंगे, जो कियोस्क सेंटर, एमपी ऑनलाइन के माध्यम से भरे जा सकेंगे। इसके बाद दिसंबर 2025 में परीक्षाए होगी। परीक्षा में भाग लेकर पास होने के बाद कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को 11वीं और कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को कॉलेज में प्रवेश मिल सकेगा।

### गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव आज

**बैतूल**। धर्म, मानवता और सत्य के प्रतीक जगत गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 556वां प्रकाशोत्सव आज 5 नवंबर को गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा बैतूल में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में गुरु घर के वजीर भाई अरविंदर सिंह जी और बटाला से विशेष रूप से पधार रहे प्रसिद्ध पंथ कीर्तनिये भाई हरप्रीत सिंह अपनी अमृतमयी वाणी से संगत को निहाल करेंगे। सुबह 11 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक कीर्तन दीवान का आयोजन होगा, जिसके उपरांत दोपहर 1 बजे से गुरु का अटूट लंगर बरताया जाएगा।

### निलय डागा की मां ताप्ती चुनरी पदयात्रा आज

**बैतूल**। आस्था, समर्पण और सामाजिक एकजुटता का अद्भुत संगम आज बैतूल की धरती पर देखने को मिलेगा, जब पूर्व विधायक निलय विनोद डागा के नेतृत्व में हजारों श्रद्धालु मां ताप्ती चुनरी पदयात्रा के पवित्र मार्ग पर कदम रखेंगे। किसानों और सर्वहारा वर्ग की खुशहाली के संकल्प के साथ यह यात्रा पूरे जिले की जनभावना का प्रतीक बन चुकी है।

### भावांतर योजना में 11 दिन में 96 किसानों ने बेचा 2223 क्विंटल सोयाबीन

# मंडी में किसानों को 4501 रुपए तक मिल रहे सोयाबीन के दाम



संजय द्विवेदी ⏭ बैतूल

जिले में 24 अक्टूबर से भावांतर योजना में खरीदी शुरू हुई। इन 11 दिन यानी 3 नवंबर तक 96 किसानों ने मंडी में 2223 क्विंटल सोयाबीन बेचा। किसानों को 4501 रुपये क्विंटल तक दाम मिले, जो समर्थन मूल्य से करीब 800 से 1 हजार रुपये तक कम हैं। शासन द्वारा सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपये समर्थन मूल्य घोषित किया है। बारिश के कारण सोयाबीन में नमी होने से किसानों को दाम कम मिले। शासन द्वारा भावांतर के मॉडल रेट तय नहीं किए हैं।

प्रथम 14 दिनों के बाद मॉडल रेट तय किए जाएंगे। प्रतिदिन मॉडल रेट पोर्टल पर उपलब्ध रहेगा। दरअसल किसानों को समर्थन मूल्य दिलाने के लिए शासन द्वारा भावांतर योजना शुरू की है। बडोरा मंडी में 96 किसानों ने 2223 क्विंटल सोयाबीन बेचा। भावांतर में जिले में 8237 किसानों ने पंजीयन करवाया है। ऐन फसल कटाई के समय हुई बारिश से किसानों की फसलें प्रभावित हुई है। इसके चलते सोयाबीन में नमी होने से भावांतर योजना में मंडी में सोयाबीन के दाम समर्थन मूल्य से कम चल रहे हैं। किसान मॉडल रेट तय होने का इंतजार कर रहे हैं।

#### जिले में 93,300 हेक्टेयर सोयाबीन का रकबा

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 93,300 हेक्टेयर सोयाबीन का रकबा है, लेकिन केवल 19201 हेक्टेयर के 8237 किसानों ने ही पंजीयन करवाया है। इसमें से केवल 96 किसानों ने अब तक सोयाबीन बेचकर योजना का लाभ लिया है। इस बार जिले में सितंबर और अक्टूबर माह तक बारिश होने से सोयाबीन की फसल खराब हो गई। दीपावली के बाद हुई बारिश से शेष बची फसलों को भी नुकसान हुआ। सोयाबीन का दाना जहां बारिक रह गया, वहीं उत्पादन भी जमकर गिरा है। किसानों को एक हेक्टेयर में लगभग 3 से 8 क्विंटल तक ही सोयाबीन हो रही है, उसमें भी दाना बारिक होने की बात सामने आ रही है। सोयाबीन में नमी होने से भी दाम कम मिल रहे है।

#### 7 नवंबर को हो सकती है मॉडल रेट की घोषणा

कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के तहत किसानों से सोयाबीन की खरीदी प्रक्रिया चल रही है। भावांतर में अंतर की राशि की घोषणा 7 नवंबर को होगी। बताया गया कि प्रथम 14 दिन बाद मॉडल रेट तय किए जाएंगे और हर 15 दिन में अंतर राशि का भुगतान किसानों को होगा। इस साल अतिवृष्टि व बारिश की अनिश्चितता के चलते खरीफ फसलों में सोयाबीन को काफी नुकसान हुआ है। एक हेक्टेयर में कहीं 3 क्विंटल तो कहीं 8 क्विंटल ही सोयाबीन का उत्पादन हुआ है। बताया गया कि कई किसानों की इतना नुकसान हुआ है कि उनकी लागत भी नहीं निकल पाई। मंडी प्रबंधन ने किसानों से आग्रह किया है कि वे कृषि उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने के लिये अपनी कृषि उपज को पूर्णतः साफ-सुथरा एवं सुखाकर लावे। कृषि उपज में डंठल, फलियाँ, मिट्टी, कचरा, टूटे हुए दाने और नमी अधिक होने पर उचित दाम नही मिल पाता है।

#### फसल नुकसानी की 24,600 शिकायतें प्राप्त 14800 का हुआ सर्वे

इस बार जिले में लगातार बारिश से खरीफ सीजन की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। फसलों के नुकसानी की काफी शिकायतें भी किसानों ने की है। जानकारी के अनुसार कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार फसल बीमा के लिए अभी तक कुल 24,600 शिकायतें प्राप्त हुई है। जिसमें से विलंब से जानकारी देने के कारण 7 हजार कृषक अप्राप्त घोषित कर दिये गये एवं 14800 शिकायतों का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। जबकि शेष शिकायते पेंडिंग है। बताया गया कि खराब हुई फसलों के कारण इस बार अधिकांश किसानों ने योजना का लाभ लेने के लिए पंजीयन नहीं करवाया है। बैसे बडोरा मंडी में सोयाबीन खरीदी की प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्था की गई है। शासन द्वारा तय किए गए मॉडल रेट और मंडी में किसानों की बेची गई उपज के दाम के बीच का अंतर शासन द्वारा किसानों के खाते में अंतरित किया जाएगा।

#### प्रक्रिया चल रही है

मंडी में भावांतर योजना के तहत किसानों से सोयाबीन की खरीदी प्रक्रिया चल रही है। भावांतर में प्रथम 14 दिन के बाद मॉडल रेट तय किए जाएंगे। मॉडल रेट के अंतर की राशि की घोषणा 7 नवंबर को होगी।

- डॉ. आनंद बडोनिया,
उप संचालक, कृषि विभाग बैतूल

कृषि उपज मंडी में भावांतर योजना के तहत सोयाबीन की खरीदी के लिए चार शेड आरक्षित किये है, लेकिन अभी आवक कम होने के कारण दो शेड में ही खरीदी की जा रही है। अभी तक 96 किसानों से 2223 क्विंटल सोयाबीन खरीदा जा चुका है।

- प्रदीप उइके,
एसआई, कृषि उपज मंडी बडोरा बैतूल

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान

## विजय भवन में एक शाम मुकेश के नाम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल



गंज स्थित विजय भवन सभागृह में 2 नवंबर को देशभक्ति के भावों और स्वर्णिम सुरों से सजी विशेष संध्या एक शाम मुकेश के नाम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन रियाज ग्रुप बैतूल, मां शारदा सहायता समिति तथा गणेश रामायण मंडल वर्ग कालानी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास ऊइके, नगर पालिका अध्यक्ष पार्वती बाई बारस्कर, भाजपा जिला अध्यक्ष सुधाकर पवार सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। सर्वप्रथम देश के वीर सैनिकों को समर्पित भारत माता की आरती के साथ प्रसिद्ध पार्श्वगायक मुकेश चन्द्र माथुर के अमर गीतों की प्रस्तुति दी गई। इस दौरान लोकतंत्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, परिजनों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में चेतनानंद गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अशोक टेकराम, वंदना झरबडे, सविता गुर्जरकर, दीपक मालवीय तथा दीपिका वर्मा ने मुकेश जी के गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर नामदेव अतुलकर और अखिलेश अतुलकर ने की बोर्ड, संतोष करोल ने ड्रम, रितेश जैन ने तबला, रितेश यादव ने गिटार, अर्जुन धुर्वे ने ढोलक, शारदा पारधी ने बैंजो तथा शिवम धोटे ने ऑक्टोपैड के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी।

## पंडाल प्रीमियर लीग सीजन-2 पर दमाड़े-11 का कब्जा



**सारनी**। नगर के रामरख्यानी स्टेडियम में बाबा मठारदेव क्लब के तत्वावधान में पंडाल प्रीमियर लीग सीजन 2 (पीपीएल-2) टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का शुक्रवार से किया गया । स्पर्धा के फाइनल में पुष्पा 3 एवं दमाड़े-11 के बीच हुआ। रोमांचक फाइनल मुकाबले में दमाड़े-11 ने पुष्पा 3 को हराया। विजेता टीम को 21 हजार नगद एवं ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 11 हजार नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। रामरख्यानी स्टेडियम सारनी में बाबा मठारदेव क्लब द्वारा प्रतिवर्ष पंडाल प्रीमियर लीग टेनिस बॉल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया जाता है। इस साल पंडाल प्रीमियर लीग सीजन-2 (पीपीएल-2) का आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले के पूर्व दो सेमी फाइनल मुकाबले खेले गए। पहला सेमी फाइनल मुकाबला महाकाल वॉरियर्स एवं दमाड़े-11 के बीच हुआ। जिसमें दमाड़े-11 जीतकर फाइनल मुकाबले में पहुंची। दूसरा सेमी फाइनल मुकाबला पुष्पा 3 एवं बीएमडी 11 के बीच हुआ। जिसमें पुष्पा 3 जीतकर फाइनल में पहुंची। दोपहर बाद दमाड़े-11 एवं पुष्पा 3 के बीच फाइनल मुकाबला हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए पुष्पा 3 ने निर्धारित 10 ओवरों में 65 रनों का लक्ष्य दिया। दमाड़े-11 ने यह रोमांचक मुकाबला 8 विकेटों से जीत लिया। फाइनल विजेता टीम दमाड़े-11को ट्रॉफी एवं इनामी राशि नगद 21 हजार का पुरस्कार दिया गया। वहीं उपविजेता टीम पुष्पा 3 को ट्रॉफी एवं इनामी राशि 11 हजार नगद पुरस्कार दिया गया। इसी तरह बेस्ट बैटर, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फिल्डर, बेस्ट विकेटकीपर, मैं ऑफ द सीरीज, मैन ऑफ द मैच के व्यक्तिगत पुरस्कार उपस्थित अतिथियों एवं बाबा मठारदेव खेल समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों द्वारा दिए गए।

## जनसुनवाई में शिवदीन की समस्या का हुआ निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में प्रातः 11 बजे से आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया। जनसुनवाई में भैंसदेही तहसील के ग्राम चिचोलीढाना निवासी शिवदीन ने नक्शा एवं राजस्व रिकॉर्ड अभिलेखों में सुधार किए जाने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भैंसदेही तहसीलदार को राजस्व रिकॉर्ड अभिलेखों में सुधार कर प्रकरण का शीघ्र निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में आवेदकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए परेशान न होना पड़े यह सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट ने भी नागरिकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में सभी विभागीय अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम जसोंदी के ग्रामीणों ने ग्रेवल सडक़ का मरम्मत कार्य किए जाने के लिए आवेदन दिया, जिस पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने सीईओ जनपद बैतूल को प्रकरण के निराकरण के निर्देश दिए। बैतूल निवासी गीता ने आवेदन के माध्यम से अनावेदकों द्वारा खेत में लगी पूरी फसल को हार्वेस्टर से काटने और मेढ़ पर लगे पोल उखाड़ कर किए गए अवैध कब्जे की शिकायत की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने आठनेर तहसीलदार को तत्काल प्रकरण का निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। बैतूल के ग्राम किल्लौद निवासी प्रदीप कुमार वर्मा ने खेत में नाम जोडऩे एवं ऑनलाइन दर्ज किए जाने की मांग की। प्राप्त आवेदन पर कलेक्टर ने बैतूल तहसीलदार को नाम दर्ज किए जाने के निर्देश दिए।

### आए दिन हो रहे हैं हादसे

## दुर्घटनाओं पर नप नहीं दे रही है ध्यान



**शाहपुर**। नगर परिषद शाहपुर के अंतर्गत आने वाले बस स्टैंड वार्ड नंबर एक में प्रातः 10.10 पर वर्षों पुराना पेड़ बड़ के पेड़ की एक मोटी सी टहनी बस स्टैंड पर लगी चलित दुकानों पर गिर पड़ी। जिसके गिरने से जानहानि तो नहीं हुई, परंतु दुकानदारों का लगभग तीन लाख रूपए का नुकसान हो गया। सांवरिया फ्रूट दुकान में लगभग डेढ़ लाख रुपए का नुकसान हुआ। पॉपकॉर्न फल्ली फूटाने की दुकान में लगभग 50 हजार का नुकसान हुआ। साथ ही लगभग 1 लाख रुपए की बाइक भी जो दुकान के बाजू में खड़ी होने के कारण पेड़ की टहनी गिरने से क्षतिग्रस्त हो गई। वार्ड नंबर एक की पार्षद दीपिका बोरबन को घटना की जानकारी लगते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंची। उन्होंने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष शाहपुर रोहित विक्की नायक और नगर परिषद अधिकारी शाहपुर अरुण श्रीवास्तव को ऐसे पेड़ों की जानकारी वार्ड पार्षद के द्वारा कई दिनों पूर्व दी जा चुकी थी। परंतु नगर परिषद के अधिकारी शाहपुर और नगर अध्यक्ष शाहपुर उनकी बातों को तवज्जो नहीं दे रहे हैं। जिसके कारण यह दुर्घटना घटित हुई। ऐसे पेड़ों पर ध्यान देकर उन पेड़ों की डालों को हटा दिया जाता, तो आज इतनी बड़ी दुर्घटना घटित नहीं होती। बस स्टैंड के दुकानदारों का नुकसान नहीं होता। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर में ऐसे सैकड़ो पेड़ हैं, जिन्हें नगर परिषद के द्वारा कटवाया जाना चाहिए, परंतु नगर परिषद इस ओर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रही है। नगर परिषद अधिकारी शाहपुर से इस दुर्घटना के संबंध में चर्चा की गई, तो उन्होंने सारी बातों को प्रकृति के ऊपर डालकर इतिश्री कर ली।

### निर्वाचन नामावली के गहन पुनरीक्षण पार्षदों, सरपंचों की बैठक

## बीएलओ घर-घर जाकर फार्म में भरेंगे मतदाताओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारनी



नगर पालिका परिषद सारनी में फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर के तहत बीएलओ द्वारा डोर टू डोर अनुलग्नक/गणना पत्रक वितरण को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में आमला विधानसभा क्षेत्र-130 के सारनी क्षेत्र के मतदान केंद्र क्रमांक 01 से 97 तक के मतदान केंद्रों से संबंधित जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर एसआईआर की जानकारी दी गई। आमला विधानसभा निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी(रा.) शैलेंद्र बड़ोनिया ने सर्वे को लेकर विस्तार से जानकारी दी। नगर पालिका सभाकक्ष में दोपहर 1 बजे से फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) को लेकर बैठक शुरू हुई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार, पार्षदगण, सरपंचगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम,नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया,थाना प्रभारी जयपाल इवनाती के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित हुए। आमला एसडीएम शैलेंद्र बडोनिया ने फोटो निर्वाचक नामावली 2025 के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची से 2025 की मतदाता सूची का मिलान किया जा रहा है। इसके लिए बीएलओ एवं अन्य वालंटियर घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्रित करेंगे। मंगलवार से विधानसभा के सारनी क्षेत्र में उक्त कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीएलओ घर-घर जाकर फार्म में जानकारी भरवाएंगे। जानकारी संबंधित पावती भी मतदाताओं को दी जाएगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से एस.आई.आर. में पूर्ण सहयोग देने और मतदाताओं की संपूर्ण जानकारी बीएलओ के माध्यम से फार्म में भरवाने का आग्रह किया है। बैठक में पार्षद छाया अतुलकर, भीम बहादुर थापा, मीना सिंह, किरण झरबड़े, ज्योति नागले, चंद्रा सोनेकर, प्रवीण सोनी, हरिता पाल, इशरत बी, गणेश महस्की, मो. ताहरि अंसारी, जफर अंसारी, अनिता बेलवंशी, अजाबराव धोटे, आकाश पंद्राम, बेबी बिंझाड़े, दरशथ सिंह जाट, सरपंच भैयालाल बैठे, कम्मो वरकड़े, शांति उइके, सानू सिलू, रामदयाल वटके, बिस्सो धुर्वे, मिश्रीलाल परते आदि रहे मौजूद।

### ड्रोन कैमरे से रखी जाएगी ताप्ती परिक्रमा क्षेत्र पर नजर

## कार्तिक पूर्णिमा व ताप्ती मेले को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

कार्तिक पूर्णिमा पर ताप्ती स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं ताप्ती मेले की व्यवस्थाओं को लेकर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में कार्तिक पूर्णिमा के दिन लाइटिंग, पुलिस व्यवस्था, यातायात एवं सफाई व्यवस्था से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गड़ेकर, एसडीओ (पुलिस) ए.के. सिंह, थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार, भाजपा नेता नमन अग्रवाल, भाजपा मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, पत्रकारगण तथा नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि नगर के मध्य से भारी वाहनों के प्रवेश पर स्थायी प्रतिबंध लगाया जाए। उल्लेखनीय है कि पूर्व में तत्कालीन एसडीएम एवं दंडाधिकारी सी.एल. चनाप ने मुलताई नगर के प्रथम पुलिया से लेकर नाका नंबर-1 तक भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध संबंधी आदेश जारी किया था, किन्तु उसका पालन कभी नहीं हुआ। अब पुनः यह निर्णय लिया गया है कि आदेश का सख्ती से पालन कराया जाएगा। बैठक में आवारा पशुओं पर नियंत्रण लगाने पर भी चर्चा हुई। समिति ने कहा कि त्योहारों में भारी भीड़ रहती है, ऐसे में आवारा पशु बड़ी समस्या बन जाते हैं। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर परिक्रमा क्षेत्र में पर्याप्त लाइटिंग, गोताखोरों की तैनाती तथा सुरक्षा व्यवस्था के सख्त इंतजाम किए जाएंगे। वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था पुराने स्वास्थ्य केंद्र की भूमि पर की जाएगी। ताप्ती प्रथम पुल से नाका नंबर-1 तक दो पहिया सहित सभी वाहनों के आवागमन पर



पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। सुरक्षा की दृष्टि से परिक्रमा क्षेत्र में महिला एवं पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। पुलिस कंट्रोल रूम स्थापित कर सम्पूर्ण व्यवस्था की निगरानी की जाएगी। इसके साथ ही पूरे परिक्रमा क्षेत्र पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से निगरानी रखी जाएगी।

थाना प्रभारी नरेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि धार्मिक आयोजनों में कुछ असामाजिक तत्व महिलाओं के बीच मिलकर मंगलसूत्र या अन्य आभूषणों की चोरी करने का प्रयास करते हैं। इसलिए आम नागरिकों से अपील है कि वे सतर्क रहें और संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहनों पर प्रतिबंध से कुछ असुविधा अवश्य होगी, किंतु सुरक्षा की दृष्टि से यह आवश्यक कदम है, जिसमें सभी नागरिकों का सहयोग अपेक्षित है। थाना प्रभारी ने बताया कि ताप्ती मेले में 8 से 10 पुलिस कर्मियों की अतिरिक्त तैनाती की जाएगी तथा कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। मेले में लगे झूलों एवं दुकानों के पास सीसीटीवी कैमरे और पुलिस पॉइंट लगाए जाएंगे। रात्रि में मेले की समय-सीमा रात्रि 10.30 बजे तक रहेगी। झूले संचालकों को रात्रि 10.00 बजे तक संचालन बंद करना होगा। उन्होंने बताया कि मेले की अवधि सामान्यतः 15 दिन की होती है, परंतु देर से आरंभ होने के कारण इस वर्ष ताप्ती मेला 10 दिसंबर तक समाप्त कर दिया जाएगा। इसके बाद सभी दुकानदारों को अपनी दुकानें हटानी होंगी।



## संक्षेप खबर

### गुरुनानक देव जयंती पर आयोजन आज होंगे

**सोहागपुर।** श्री गुरुनानक देव जयंती पर आज सोहागपुर सिंधी समाज प्रकाश पर्व मनाएगा। पर्व पर पूज्य सिंधी पंचायत सोहागपुर द्वारा गुरुद्वारे में आयोजन किया जाएगा। लकी किशनानी ने बताया कि मुख्य बाजार में रंगीराम चौराहे के समीप स्थित गुरुद्वारे में बुधवार सुबह 8.30 बजे से 9.30 बजे तक पाठ साहब किया जाएगा। वहीं सिंधी समाज गुरुद्वारा शास्त्री वार्ड में सुबह 10 बजे से पाठसाहब होगा। वहीं प्रसाद वितरण के बाद दोपहर एक बजे से अटूट लंगर शुरू होगा।

### बिटिया आश्रिता एवं संगीता बनीं सीए

**पिपरिया।** नगर पालिका परिषद क्षेत्र के मोहता प्लाट निवासी पं गिरधर पाठक पत्नी आरती पाठक की बेटी आश्रिता पाठक ने तथा नगर की ही संगीता पालीवाल ने शहर नाम गौरवान्वित करते हुए सीए की परीक्षा पास की है। मुख्य रुप से आश्रिता पाठक ने बताया कि कठिन परिश्रम धैर्य निरंतर प्रयास किया गया। जिसके कारण चार्टर्ड अकाउंटेंट सी ए की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने बताया कि लगातार सन 2017से लक्ष्य को हासिल करने का संकल्प लिया गया था।1995मेसे 2025तक लगातार प्रयास किया गया तब जाकर साढ़े सात वर्ष की लंबी यात्रा में संघर्ष करती रही।

निजी दौरे पर सोहागपुर पहुंचे पूर्व मंत्री सिंह के उद्बोधन दौरान सत्ता से बाहर होने पर झलका दर्द

# हम युवाओं ने जब से होश संभाला कांग्रेस की सरकार ही नहीं देखीः जयवर्धन सिंह

हम युवाओं का दुर्भाग्य है कि जब से बड़े हुए हैं, कांग्रेस की सरकार नहीं देखी है। उक्त पीड़ा कांग्रेस नेता, वर्तमान विधायक तथा मप्र में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार में मंत्री रहे जयवर्धन सिंह ने शनिवार रात ग्राम माछा में व्यक्त की।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

गत दिनों जयवर्धन सिंह माछा और ढिकवाड़ा ग्रामों में पहुंचे। जहां सिंह अपने परिचित ठाकुर परिवार में उपस्थित हुए थे। इस दौरान सिंह ने ढिकवाड़ा व माछा में संबोधन दिया।

इस दौरान कांग्रेस के सरकार से बाहर रहने की उनकी पीड़ा सामने आई। वहीं पूर्व सरपंच ब्रजकिशोर पटेल, मेहरबान सिंह पटेल, सरपंच सुधीर सिंह ठाकुर, मंजेश पटेल, संजय सिंह ठाकुर, धर्मेश सिंह ठाकुर व अन्य नेताओं ने सिंह का स्वागत किया। धर्मेश ठाकुर ने बताया कि मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह व जयवर्धन सिंह से माछा परिवार के पारिवारिक संपर्क हैं। उल्लेखनीय है कि नर्मदा मां की पैदल परिक्रमा के दौरान दिग्विजय सिंह ने सपत्नीक ग्राम माछा में ठाकुर निवास पर रात्रि विश्राम किया था, जिसका ज़िक्र भी जयवर्धन सिंह ने अपने उद्बोधन में किया।

### किया आव्हान

जयवर्धन सिंह ने कहा कि मध्य प्रदेश में शिक्षित युवा बेरोजगारी से तथा किसान भी सरकार की कृषक विरोधी नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने कहा कि अब परिवर्तन का समय है। अतः नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभाओं में कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी जीतें, इसके लिये प्रयास अभी से शुरू करें। जयवर्धन सिंह ने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से निस्वार्थ भाव से पार्टी और जनता के हित के काम करने की बात कही।

### जनता का विश्वास हम में कम

जयवर्धन सिंह ने कहा कि नर्मदापुरम जिले की चारों विधानसभाओं में हम नहीं जीत रहे हैं। अतः जनता का विश्वास हम में कम है। उन्होंने आगे कहा कि इसके लिए जनता के बीच जाना आवश्यक है। जनता हमारे पक्ष में मतदान नहीं कर रही है, तो उसमें हमारी पार्टी के प्रति विश्वास जगाएं। सिंह के उद्बोधन में उनका दर्द झलका तथा उन्होंने कहा कि मेरे सहित पूरी नव पीढ़ी ने कांग्रेस की स्थाई सरकार नहीं देखी है। अतः कांग्रेस कार्यकर्ता बेरोजगारी से परेशान युवाओं के बीच जाएं, उनमें संघर्ष का जज़्बा जगाएं एवं किसानों की भी लड़ाई लड़ें।

### भाजपा ने की वादाखिलाफ़ी

जयवर्धन सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि मप्र में वर्तमान में भाजपा सरकार है। इस सरकार ने सत्ता में आने के समय अर्थात लगभग दो वर्ष पहले वादा किया था कि धान की उपज किसानों से 3100 रुपये की दर पर खरीदेंगे। लेकिन इस भाजपा सरकार ने किसानों के साथ वादाखिलाफ़ी की है। अतः परिवर्तन के आसार हैं तो इसके लिये तैयार रहें। उन्होंने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से कहा कि लोगों के बीच जाएं और सभी से सतत संपर्क रखें।

# योगेश मालवीय हत्याकांडः दो दोषियों को आजीवन कारावास

एक आरोपी दोषमुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

तृतीय अपर जिला न्यायाधीश आदित्य रावत की अदालत ने इटारसी के चर्चित योगेश मालवीय उर्फ 'अट्टू' हत्याकांड मामले में मंगलवार को फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया है। कोर्ट ने आरोपी गगन चौधरी और गिल्लू उर्फ शिवकुमार को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 34 (सामान्य आशय) के तहत दोषी पाया। दोनों को आजीवन कारावास के साथ 2000-2000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। वहीं, इस मामले के तीसरे आरोपी सचिन उर्फ पप्पू कालोसिया को न्यायालय ने सभी आरोपों से दोषमुक्त कर दिया।

### घटनाक्रम और न्यायालय का निष्कर्ष

अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला ने बताया कि फरियादी सुनील छोलिया ने थाना पथरौटा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 नवंबर 2023 को वह और योगेश मालवीय ग्राम जमानी में थे।योगेश एक काम से मोटरसाइकिल पर निकला, तभी रास्ते में घाटली गांव से पथरौटा जाने वाले रास्ते पर नहर के पास खेत पर गिल्लू चौधरी, राजा, और गगन चौधरी अपने साथियों के साथ खड़े थे। पुराने मामले को लेकर आरोपियों ने योगेश को गाली गलौज की। जब योगेश ने मना किया, तो गगन चौधरी ने हाथ-मुक्कों से, गिल्लू और राजा ने बांस के डंडों से योगेश मालवीय के साथ मारपीट की। गंभीर रूप से घायल योगेश को पहले इटारसी के सरकारी अस्पताल और बाद में इलाज के लिए भोपाल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान 2 दिसंबर 2023 को उसकी मृत्यु हो गई।

### न्यायालय की टिप्पणी

न्यायालय ने अपने दंडआदेश में स्पष्ट किया कि आरोपीगण ने सामान्य आशय के अग्रसारण में, पुरानी रंजिश को लेकर योगेश मालवीय की बेरहमी से मारपीट कर उसकी हत्या की है।

### केस की पैरवी और तथ्य

अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी अपर लोक अभियोजक राजीव शुक्ला और भूरे सिंह भदौरिया ने की। अभियोजन पक्ष ने कुल 31 गवाहों को न्यायालय के समक्ष पेश किया और 56 दस्तावेजों को प्रदर्शित किया। दोषी शिवकुमार ने इस मामले में कुल 705 दिन और गगन चौधरी ने 616 दिन जेल में बिताए हैं। इस केस का चौथा आरोपी, राजा उर्फ ऋषभ बाली, घटना के बाद से ही फरार चल रहा है।

### सजा और आगे की कार्रवाई

दोषी गगन चौधरी (जो पूर्व में जमानत पर था) को सजा सुनाए जाने के बाद तत्काल गिरफ्तार कर लिया गया। दोनों दोषियों गगन चौधरी और शिवकुमार को सजा वारंट के साथ जिला जेल, नर्मदापुरम भेज दिया गया है। न्यायालय ने आदेश दिया है कि यदि दोषी जुर्माना (अर्थदंड) की राशि अदा नहीं करते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 6-6 माह का कठोर कारावास भुगतना होगा।

# पिपरिया नागरिक आपूर्ति निगम में गड़बड़ी का मामला, जांच में सामने उजागर कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया



खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा पी,डी,एस राशनकार्ड धारकों को वितरित करने वाले खादान में गड़बड़ी खराब अनाज का वितरण करने की शिकायत किसी नव नियुक्त पत्रकार के द्वारा जिला कलेक्टर खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी को फोन पर की गई थी।जिसकी शिकायत खाद्य नागरिक आपूर्ति अधिकारी मनोज कुमार शुक्ला एवं वेयरहाउसिंग लाजिस्टिक्स कारपोरेशन अधिकारी भीम सिंह डाबर नागरिक आपूर्ति निगम के धान अधिकारी आयुष कुमार की उपस्थिति में की गई।

जांच अधिकारी एवं सुत्रों के अनुसार पीडिएसमे वितरण किया जाने वाला अनाज सही नहीं उठाया गया है।जूट के बारदाने का गेंहू और चावल लाया जा रहा है।जिसे छानकर बेंच दिया जाता है।खराब अनाज राशनकार्ड धारकों को वितरित करके घपला किया गया है।जांच अधिकारी ने बताया कि कुछ कमीयां पाई गई है। पंचनामा तैयार कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दिया गया है।

नान अधिकारी आयुष कुमार ने बताया कि उनके द्वारा एस आर के अनुसार स्टॉक का मिलान कर दिया गया है। सभी दस्तावेज जमा हो गए हैं। वेयरहाउसिंग लाजिस्टिक्स कारपोरेशन की एक चाभी वेयरहाउसिंग प्रबंधक के पास रहती है तथा एक चाबी वेयरहाउस खोलने वाले कर्मचारियों पर होती है।नान अधिकारी के पास कोई चाभी नहीं है। उनके द्वारा कोई गड़बड़ी नहीं की गई है।

# धान पराली के निदान के लिए किसानों ने दिया ज्ञापन, बोले-रबी फसल की करना है बोबनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर



माखन नगर ग्राम बागर खेड़ी और नगवाड़ा के किसानों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को ज्ञापन देकर मांग की है की धान की फसल कट चुकी है हमें रवि की फसल की बोबनी करना है धान की नरवाई नष्ट करना अति आवश्यक है वहीं प्रकृति का कहर भी जारी है ऐसी स्थिति में दोबारा बोबनी करना संभव नहीं है।

अतः हम कृषक गणों को पराली (नरवाई) जलाने की अनुमति प्रदान करें जिससे हम अगली फसल की बोबनी कर सके पहले भी किसान और किसानों से जुड़े संगठन पराली का ठोस निदान करने की मांग कर चुके हैं लेकिन अभी तक प्रशासन की तरफ से नरवाई जलाने की अनुमति के लिए कोई पहल नहीं की गई है ज्ञापन पर यादव समाज के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रमोद यादव बागर खेड़ी के सरपंच रामभरोस यादव लालता प्रसाद यादव पूरन लाल यादव विजय यादव चेतराम यादव बद्री अहिरवार अशोक यादव सीताराम यादव संतोष खेमचंद यादव गोविंद गणपत यादव भवानी चौहान महेंद्र चौहान रामचरण मेहरा बनवारी लाल सुखराम अंजेश नंदकिशोर हरिओम उमेश यादव कैलाश यादव राजू यादव कोमल राकेश सुरेश मुकेश आनंद राम मोहन नरेंद्र दीपक सहित अनेक कृषको के हस्ताक्षर है।

### नप की फूटी पेयजल पाइप लाइन से बने फव्वारे, बर्बाद हो रहा पानी

**सोहागपुर।** शहर में नगर परिषद की पेयजल वितरण की दशकों पुरानी पाइप लाइन भूमिगत है। बहुत पुरानी हो चुकी लाइन में रिसाव बनने लगे हैं। तथा जगह-जगह लाइन फूटने से बने फव्वारों से जनता परेशान है।
नागरिकों के अनुसार इस तरह कीमती जल की बर्बादी हो रही है। समूचे शहर में नगर परिषद की भूमिगत पेयजल पाइपलाइन है। यद्यपि कुछ वार्डों में नगर परिषद की भूमिगत पाइप लाइन से पेयजल वितरण बंद हो चुका है। लेकिन अभी भी कहीं कहीं वितरण हो रहा है। और वहां पाइप लाइन फूटने से पान बर्बाद हो रहा है। खासकर वहां पाइपलाइन फूटी हुई है, जहां लाइन सड़क क्रॉस कर बिछाई गई थी। नागरिकों के अनुसार रोजाना इस तरह की स्थिति के चलते हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। अतः आवश्यकता है कि नगर परिषद और ध्यान दे तथा सुधार करे। इसी तरह की स्थिति नर्मदा जल वितरण लाइन के साथ भी बनी हुई है। यह लाइन भी जहां-जहां रोड क्रॉस कर फैलाई गई है, वहां निश्चित रूप से लीकेज बन गए हैं। जिनके कारण नागरिक रोजाना परेशान होते हैं।

# सिंधी समाज जनसुनवाई में देने पहुंचे आवेदन तो हुआ अचानक हंगामा, जमकर चले लात-घूसे

## जोहार पार्टी प्रमुख अमित वघेल के द्वारा अशोभनीय टिप्पणी का जता रहे थे विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र के तहसील कार्यालय में प्रत्येक मंगलवार की तरह जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया था। उसी दौरान सिंधी समाज केद्वारा एक आवेदन पत्र दिया गया था। जिसमें बताया गया है कि सिंधी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल को लेकर छत्तीसगढ़ निवासी जोहार पार्टी प्रमुख अमित वघेल के द्वारा झूलेलाल पर अशोभनीय टिप्पणी की गई जिससे समाज ने अमित वघेल पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की थी। की अचानक किसी अनजान व्यक्ति के द्वारा सिंधिसमाज के साथ गाली-गलौच की उसी दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान तहसीलदार वैभव बैरागी नायाब तहसीलदार मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रबल अरजरिया मुख्य नगरपालिका अधिकारी आर पी नायक सभी लोग शामिल हुए थे।उसी दौरान सिंधी समाज के युवाओं के द्वारा लात घूसों से मारपीट कर दी गई। जबकि सरकारके सभी नुमाइंदे मौजूद रहे फिर भी एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई।तो तहसीलदार वैभव बैरागी ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है ऐसे लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाएगा तथा कड़ी कार्रवाई की जावेगी तो वहीं सिंधी समाज के लोगों ने युवाओं को माफ करने की बात कही गई है। ज्ञापन देने वालों में सिंधी समाज के अध्यक्ष गोपाल दास दुदानी, धर्मेंद्र मेघनानी लखन आनंदानी सहित सैकड़ों लोगों ने हाथ में झंडे लहराते हुए नारे लगाए।

### पुलिस ने शुरू किया 'मुस्कान अभियान'

**सोहागपुर।** महिला सुरक्षा शाखा पुलिस मुख्यालय द्वारा संचालित 'मुस्कान अभियान' सोहागपुर थाना क्षेत्र में पुलिस के जिला अधिकारियों के निर्देश पर शुरू किया गया है। जिसमें गुम नाबालिग बालिकाओं की दस्तयाबी मुख्य लक्ष्य है। यह अभियान स्कूलों व कॉलेज में एक नवंबर से 30 नवंबर 2025 तक जागरूकता स्वरूप चलाया जाएगा। जिसमें मैदानी कार्य और सक्रियता से होंगे ताकि गुम नाबालिग बालिकाओं की अधिक दस्तयाबी हो। सोहागपुर एसडीओपी संजू चौहान व टीआई ऊषा मरावी ने कहा कि तकनीक से समाज में फैलती अश्लीलता से बचाव बावत बेटियों को स्कूल तथा कॉलेज में जागरूक किया जा रहा है। स्कूलों में गुड टच व बैड टच बावत बता रहे हैं। महिला एवं बाल विकास से संपर्क स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्यक्रम आयोजित कराए जाएंगे। वहीं मंगलवार को सोहागपुर स्थित एक शिक्षण संस्था में कार्यक्रम किया गया, जिसमें टीआई ऊषा मरावी ने बालिकाओं अहम आपातकालीन कॉल नंबरों की जानकारियां दीं।

# न्यास कॉलोनी और आजाद नगर में बन रहे ईडब्ल्यूएस आवासों का नपाध्यक्ष ने किया निरीक्षण, दिए कार्य पूर्ण करने के निर्देश

## यह सिर्फ ईंट गारे की इमारत नहीं, सपनों का घर हैः नपाध्यक्ष चौरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



कभी कागज़ों में अटके रहे सस्ते मकानों के सपनों को अब हकीकत में बदलने की तैयारी है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंगलवार को प्रदर्शनी नगर न्यास कॉलोनी और आजाद नगर सब्जी मंडी परिसर में बन रहे कुल 180 ईडब्ल्यूएस आवासों के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। नपाध्यक्ष ने कहा कि यह सिर्फ ईंट-गारे की इमारत नहीं, लोगों के सपनों का घर है।" चौरे ने कहा कि अब इन योजनाओं में पारदर्शिता और गति लाई गई है। जिन हितग्राहियों का रजिस्ट्रेशन पूरा हो चुका है, उन्हें जल्द ही आवास का लाभ मिलेगा। इस दौरान एई मीनाक्षी चौधरी, उपयंत्री सोनिका अग्रवाल साथ थी।

### इन प्रोजेक्ट्स की कहानी भी दिलचस्प है :

वर्ष 2017 में स्वीकृत हुए ये दोनों प्रोजेक्ट कई सालों तक ठप पड़े रहे। चौरे ने जिम्मेदारी संभालने के बाद पुराने टेंडर रद्द कराए और रिटेंडर की प्रक्रिया से काम को फिर पटरी पर लाया। अब दोनों साइट्स पर निर्माण की रफ्तार दिखने लगी है।

### न्यास कॉलोनी प्रोजेक्ट

करीब 7 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे 84 ईडब्ल्यूएस मकानों की मल्टी छह मंजिला होगी। दो फ्लोर तैयार हो चुके हैं और तीसरी छत की तैयारी चल रही है। इसमें एक लिफ्ट और एक सीढ़ी का प्रावधान है। नपाध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि जून 2026 तक यह प्रोजेक्ट पूरा होना चाहिए।

### आजाद नगर प्रोजेक्ट

यहां 9 करोड़ रुपये की लागत से 96 आवास बन रहे हैं। छह फ्लोर वाली इस इमारत में अभी चौथी मंजिल की छत डल रही है। इसमें दो लिफ्ट और दो सीढ़ियों का प्रावधान रहेगा। इस प्रोजेक्ट को मार्च 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है।

### सस्ती कीमत पर पक्की छत का सपना

प्रत्येक मकान की कीमत 6 लाख रुपये रखी गई है। इसमें से 2 लाख रुपये हितग्राही को जमा करने होंगे। 2.5 लाख रुपये की सब्सिडी सरकार देगी, जबकि शेष 1.5 लाख रुपये प्रधानमंत्री आवास योजना (एलआईजी प्रोजेक्ट) की क्रॉस सब्सिडी से पूरी की जाएगी।

# शासकीय कालेज में कैरियर मार्गदर्शन कार्यशाला हुई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ माखननगर

शासकीय कालेज माखन नगर के सभागार में स्मार्ट निवेशक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया ,भारतीय प्रतिभूमि और विनिमय बोर्ड आयोजन द्वारा दिनांक 3 अक्टूबर को महाविद्यालय में श्रीमती पूजा ऋषि द्वारा छात्र-छात्राओं और समस्त महाविद्यालय के शिक्षकों को निवेश की प्रक्रिया और बीमा के प्रकारों की जानकारी दी व समय सीमा के बारे में विस्तार पूर्वक पीपीटी के माध्यम से बताया गया। कार्यक्रम के अंत में श्रीमती पूजा द्वारा बच्चों से प्रश्नोत्तरियों का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं के प्रोत्साहन हेतु जिन बच्चों ने सही जवाब दिया उनको पुरस्कार भी वितरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अजय मेहरा, डॉक्टर राजकुमार पटवा, डॉक्टर सुमन अवस्थी, मंजू मेहरा ,संध्या गोलियां का सराहनीय योगदान रहा। आभार प्रदर्शन डॉ क्षमा मेहरा द्वारा किया गया ।

धूमधाम से मनाई संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती

# बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी



संत शिरोमणि नामदेव महाराज की 755वीं जयंती कार्यक्रम का आयोजन नामदेव विकास परिषद, नामदेव विकास युवा परिषद, नामदेव महिला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पिछले दिनों सरला मंगल भवन सूरजगंज में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नरसिंहपुर जिला पंचायत सदस्य व कृषि समिति अध्यक्ष सीताराम नामदेव, विशिष्ठ अतिथि राजेन्द्र नामदेव गाडरवारा उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासभा नई दिल्ली, समाज के वरिष्ठ सदस्य व संरक्षकद्वय डॉ. रमेश नामदेव, लीलाधर नामदेव, देवी लाल व स्वर्णलता छेनिया कार्यकारी महिला अध्यक्ष व उपाध्यक्ष, अखिल भारतीय नामदेव क्षत्रिय महासभा, नई दिल्ली उपस्थित थीं।

कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी गई।

कार्यक्रम में समाज के प्रतिभाशाली बच्चों ने नृत्य, चित्रकला के माध्यम से अतिथियों का मनमोह लिया। इसके बाद युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों अरविंद नामदेव बकतरा, शुभम नामदेव इंदौर व नर्मदापुरम से आई शिवा नामदेव ने अपना परिचय दिया।

समाज के बच्चों को पुरस्कृत किया गया। संत नामदेव को 56 भोग का प्रसाद अर्पित नामदेव अंकित रेस्टोरेंट की ओर चढ़ाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज पदाधिकारी पूनमचंद नामदेव, कैलाश नामदेव, अतुल नामदेव, राहुल शरण सहित अन्य का विशेष सहयोग रहा।

# स्वप्नेश्वर हनुमान धाम में लगाई 56 भोग प्रसादी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज इटारसी महिला मंडल द्वारा श्री स्वप्नेश्वर धाम मंदिर में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में छप्पन भोग एवं दिवाली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना मालवीय ने बताया कि महिला मंडल की पदाधिकारी एवं समस्त सामाजिक बहने विभिन्न वेशभूषा में आई एवं 56 भोग का आयोजन किया। आरती पूजन कर भोग लगाया एवं हनुमान चालीसा एवं भजन किए गए। समस्त मातृशक्ति को सुहाग सामग्री भेट की एवं पधारे सामाजिक एवं अन्य भक्तों को प्रसाद एवं भोजन वितरण किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेविका श्रीमती कल्पना शर्मा एवं डॉ. हेमा पुरोहित, मुकेश मिहानी, निर्मल राजपूत जी, संदेश पुरोहित, विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजीका तरुणा सोनी आदि शामिल रहे।

खबर संक्षेप

## मकड़ाई में जननायक गौंड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां 10 से

**हरदा।** जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद द्वारा गौण्ड जनजातीय समुदाय के चरित्र एवं ऐतिहासिक नायकों पर केन्द्रित जननायक गौण्ड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां समारोह के आयोजन के लिए मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा गौण्ड शासकों द्वारा स्थापित 52 गढ़ों में से 30 गढ़ों पर उनके ही चरित्र पर ऐतिहासिक नायकों पर केन्द्रित तैयार नृत्य नाटिकाओं के प्रदर्शन कराने का निर्णय लिया है। प्राचीन गौण्ड शासकों के गढ़ों में से हरदा जिले के मकड़ाई किला में 10 से 12 नवंबर तक तीन दिवसीय जननायक गौण्ड इतिहास की नृत्य नाट्य प्रस्तुतियां समारोह का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के समारोह के आयोजन के लिए अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के आयोजन के लिए जिला पंचायत हरदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के लिए कल लगेगा शिविर

**रहटगांव।** सामाजिक न्याय विभाग द्वारा जिले में 18 वर्ष तक के दिव्यांगजनों के चिन्हांकन के लिए 16 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में चिन्हांकन के बाद दिव्यांगता प्रमाण-पत्र, यूडीआईडी कार्ड प्रदाय किए जायेंगे। ये शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। उप संचालक सामाजिक न्याय कमलेश सिंह ने 6 नवंबर को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रहटगांव में शिविर आयोजित किया जाएगा। उन्होंने दिव्यांगजनों से अपील की है कि शिविर स्थल पर निर्धारित समय पर उपस्थित होकर दिव्यांग प्रमाण-पत्र के लिये चिन्हांकन कराएं ताकि शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया जा सके।

## नगर पालिका ने मुहिम चलाकर 27 निराश्रित गोवंश को गोशाला भेजा

**हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के आदेश के अनुक्रम में नगरीय क्षेत्र हरदा में सड़कों पर बैठे पशुओं के कारण होने वाली दुर्घटनाओं रोकने हेतु आवारा मवेशियों को पकड़ने के लिए नगर पालिका हरदा द्वारा सोमवार को विशेष मुहिम चलाई गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलेश पाटिदार ने बताया कि इस मुहिम के तहत नेहरू स्टेडियम व इसके आसपास के क्षेत्र ग्वालनगर आदि क्षेत्रों में चलाई गई। मुहिम के दौरान 27 निराश्रित गोवंश को पकड़कर नेहरू स्टेडियम में रखा गया तथा मंगलवार को गुप्तेश्वर गोशाला चारूवा में भेजा गया तथा 8 पशु पालकों के विरूद्ध सिविल लाइन थाने में एफआईआर भी दर्ज कराई गई। मुहिम के दौरान नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## नरवाई जलाने पर कलेक्टर ने लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**सीहोर।** कलेक्टर ने निषेधात्मक आदेश जारी करते हुए जिले की संपूर्ण राजस्व सीमा में नरवाई जलाने पर तत्काल प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश पर्यावरण संरक्षण, जनसुरक्षा और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया है और आगामी 31 दिसम्बर 2025 तक प्रभावशील रहेगा। यदि कोई व्यक्ति इसका उल्लंघन करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर द्वारा जारी आदेशानुसार जिन किसानों को अपने खेतों की जुताई करनी है, वे रोटावेटर या अन्य कृषि यंत्रों का उपयोग कर अवशेषों को मिट्टी में मिला सकते हैं। यदि कोई किसान नरवाई जलाते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेशानुसार नरवाई जलाने वाले जिन किसानों की भूमि दो एकड़ से अधिक तथा पाँच एकड़ से कम है, उन्हें प्रति घटना पाँच हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। इसी प्रकार जिन किसानों की भूमि पाँच एकड़ या उससे अधिक है, उनसे प्रति घटना पंद्रह हजार रुपये का पर्यावरणीय मुआवजा वसूला जाएगा। कलेक्टर बालागुरू के. ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नरवाई न जलाने के लिए किसानों को प्रेरित करें।

### कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों का अधिकारी समय सीमा में निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण की समीक्षा विस्तार से की। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि कोई भी शिकायत एल-1 लेवल पर ही अटेण्ड कर ली जाना चाहिए तथा उसे एल-1 स्तर पर आवेदक से चर्चा कर निराकृत कराने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों को पढ़ें, समझें और उनका समय सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित करें। पुरानी शिकायतों को पढ़कर उनमें निराकरण की कार्यवाही पोर्टल पर दर्ज करें। जिन शिकायतों का निराकरण हो चुका है उन्हें संतुष्टि पूर्वक बंद कराएं। कलेक्टर ने रोजगार अधिकारी सिलोटे को कार्य में प्रगति परिलक्षित न होने के कारण एवं एमपीआरडीसी अधिकारी को बैठक में अनुपस्थित होने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि ई-ऑफिस के तहत किसी भी कार्यालय में फाइलों को पेंडिंग न रखा जाए। सभी कार्यालय में ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही कार्य किया जाए। बैठक में कलेक्टर ने सभी विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि सार्थक एप के माध्यम से ही कर्मचारियों की ई-अटेंडेस को मान्य करते हुए वेतन का आहरण करें। बैठक में कलेक्टर ने धरती आबा , भगवान बिरसा मुंडा की 150 वीं जयंती के समापन वर्ष जनजातीय गौरव पखवाड़ा 1 से 15 नवंबर 2025 एवं पांचवें जनजातीय गौरव दिवस 15 नवंबर के आयोजन के संबंध में जिन अधिकारियों को जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उन्हें समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर-2025) के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में बीएलओ के साथ वार्ड प्रभारी की एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बीएलओ के साथ पटवारी की भी ड्यूटी लगाई जाए ताकि गणना पत्रक वितरण एवं वापस लेने में कोई कठिनाई न आए।

### निष्पक्ष जांच की मांग

## सिंधी समाज ने व्यापारी के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मामले को झूठा बताया



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा

कलेक्ट्रेट में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान एक अनोखा मामला सामने आया। सिंधी समाज के लोगों ने एक कपड़ा व्यापारी के खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के मामले को झूठा बताते हुए एफआईआर रद्द करने की मांग की। समाज के सदस्यों ने कलेक्टर और एसपी से मिलकर मामले की निष्पक्ष जांच की अपील की।

शहर की सिंधी कॉलोनी निवासी ऋचा आडवाणी ने बताया कि महिला थाने में उनके पति अनिल आडवाणी के खिलाफ हंडिया थाना क्षेत्र की एक महिला ने दुष्कर्म का झूठा मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(५) के तहत मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच अजाक थाना कर रहा है। ऋचा आडवाणी ने तर्क दिया कि जिस महिला ने उनके पति पर आरोप लगाया है, उससे उनका रुपयों के लेन-देन का विवाद था। महिला के परिवार द्वारा दिए गए चेक बैंक में बाउंस हो गए थे। उन्होंने बताया कि एफआईआर में महिला ने कहा है कि दुकान का नौकर उसे व्यापारी के घर ले गया था, जहां परिवार के सदस्यों की अनुपस्थिति में उसके साथ दुष्कर्म हुआ। हालांकि, ऋचा आडवाणी के अनुसार, कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों से स्पष्ट है कि महिला उनके दुकान के कर्मचारी के साथ नहीं आई थी। साथ ही, जिस समय घटना होने का आरोप लगाया गया है, उस दौरान वह स्वयं और उनका बेटा दोनों घर पर ही मौजूद थे। इस मामले पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अमित मिश्रा ने कहा कि जब कोई महिला थाने आकर दुष्कर्म की शिकायत करती है, तो पुलिस को उसकी रिपोर्ट दर्ज करनी होती है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जांच के दौरान जो भी तथ्य सामने आएंगे, पुलिस उस पर विधि सम्मत कार्रवाई करेगी। एएसपी मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच अभी जारी है।

### कोयंबटूर में तीन दिवसीय आयोजन

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय संस्कृत अधिवेशन में सम्मिलित होंगे शिक्षक



**हरदा।** तमिलनाडु प्रांत के कोयंबटूर नगर में तीन दिवसीय आयोजन है। जिसमें अखिल भारतीय संस्कृत अधिवेशन में मध्य प्रदेश के हरदा जिले कि उच्च श्रेणी शिक्षिका हेमलता अग्रवाल (शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय हरदा) और अरुण शर्मा (उच्च श्रेणी शिक्षक डेली स्कूल आफ एजुकेशन ग्राम सोडलपुर) अध्यक्ष संस्कृत भारती हरदा सम्मिलित होंगे। इस अधिवेशन का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा के संरक्षण संवर्धन एवं रोजगार परक आयामों पर विचार विमर्श करना है। इस अधिवेशन में देश भर से शिक्षाविद, संस्कृत विद्वान एवं संस्कृतभाषा विषय विशेषज्ञ सम्मिलित होंगे। संस्कृत भारती मध्य भारत प्रांत की जिला मंत्री हेमलता अग्रवाल ने बताया कि संस्कृत भारती द्वारा आयोजित अमृता विश्वविद्यालय कोयंबटूर तमिलनाडु प्रांत में आयोजित इस अधिवेशन में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिपेक्ष्य में संस्कृत क्षेत्र की समस्याओं और उसके समाधान पर चर्चा, तथा संस्कृत भाषा के उत्थान एवं आधुनिक युग में देवभाषा संस्कृत को छात्रों के लिए रोजगारोन्मुखी एवं व्यावहारिक रूप से उपयोगी कैसे बनाया जा सकता है पर गहन चिंतन किया जाएगा। साथ ही संस्कृत के प्रचार- प्रसार और अध्यापन पद्धती में सुधार तथा नवीन तकनीकी माध्यमों से संस्कृत भाषा के उत्थान पर विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। हरदा जिले से चयनित दोनों शिक्षकों की सहभागिता संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान एवं सक्रिय सामाजिक कार्यों के रूप देखी जा रही है, यह अवसर न केवल जिले के लिए गौरव का विषय है। बल्कि संस्कृत भाषा के पुनर्जागरण के प्रयासों को भी सशक्त करेगा। संस्कृत भाषा के उत्थान के लिए अखिल भारतीय मंच पर हरदा जिले का प्रतिनिधित्व निश्चित रूप से शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

## वित्तीय साक्षरता विषय पर सेमिनार आयोजित

**सीहोर।** सोमवार को आईक्यूएसी एवं वाणिज्य विभाग तत्वावधान में शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर में वित्तीय साक्षरता विषय पर बीकॉम की छात्रों के लिए एक सेमिनार आयोजित किया गया। इस सेमिनार में मुख्य वक्ता के रूप में अनिमेष उपाध्याय कर सलाहकार ने कार्यक्रम को उद्बोधन दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. मंजरी अग्निहोत्री, आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. अनूप सिंह, वनस्पति शास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजेश बकोरिया सहित वाणिज्य विषय के प्राध्यापक उपस्थित रहे कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को धन का प्रबंध बचत निवेश और आर्थिक निर्णय के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि अनिमेष उपाध्याय द्वारा छात्रों को धन के स्रोतों एवं प्रबंधन के बारे में बताया गया।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ हरदा



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनी और उपस्थित अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के निराकरण के लिए निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंजलि जोसेफ जोनाथन, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय एवं रजनी वर्मा, जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ प्रवीण इवने सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे। जनसुनवाई में वार्ड क्र. 2 टिमरनी निवासी संजय भैसारे ने कलेक्टर जैन को आवेदन देकर संबल 2.0 लाभ दिलाने के संबंध में मांग की, जिस पर उन्होंने श्रम अधिकारी को आवेदक की पात्रता अनुसार संबल योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में हरदा के वार्ड नं 34 निवासी सुमित्रा देवड़ा ने कलेक्टर को वार्ड में नाली बनवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर उन्होने सीएमओ हरदा कमलेश पाटीदार को आवेदक की समस्या का निराकरण कराने के निर्देश दिये।

## आरटीओ से अब किसी भी जिले का ले सकेंगे रजिस्ट्रेशन नंबर

**सीहोर।** वाहनों के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया अब सरकार ने आसान कर दी है। सीहोर के परिवहन कार्यालय में प्रदेश के किसी भी जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर प्राप्त किया जा सकता है। पहले इसके लिए संबंधित जिले के आरटीओ में जाना पड़ता था। अब वाहनों का रजिस्ट्रेशन वाहन-4 पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। नई सुविधा के तहत अगर किसी ने सीहोर से वाहन खरीदा है और वह भोपाल, इंदौर या उज्जैन जिले का रजिस्ट्रेशन नंबर चाहता है, तो अब ऐसा करना संभव है। अपने मूल निवास या प्रदेश के किसी भी जिले का पंजीयन नंबर उस जगह से प्राप्त कर सकेगा, जहां उसने वाहन खरीदा। आरटीओ से मिली जानकारी के अनुसार लोगों को अपने वाहनों के पंजीयन के लिए भौतिक रूप से परिवहन कार्यालयों में नहीं जाना पड़ेगा।

## स्कूल में 9 वर्षीय बच्ची की मौत, पुलिस जांच में जुटी

**भैरुंदा।** सोमवार को नगर की निजी में स्कूल में 9वर्षीय लड़की की मृत्यु की घटना सामने आई है। नर्मदा कॉलोनी स्थित नीलकंठ रोड नीलकमल शिक्षा निकेतन स्कूल में अज्ञात कारण से अक्षिता पिता विक्रम राजपूत निवासी हाथीघाट उम्र 9वर्षीय मृत्यु हो गई। भैरुंदा थाना पुलिस ने सिविल अस्पताल में पहुंचकर मार्ग क़ायम कर जांच शुरू कर दी। स्कूल प्रबंधन जगदीश शर्मा का कहना है, स्कूल की छुट्टी के दौरान बालिका स्कुल से बाहर निकली और बेहोश हो गई। उन्होंने बालिका के चेहरे पर पानी छिड़क कर होश लाया और एक घुट पानी पिलाया। इसके बाद उसे सिविल हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहा डॉक्टर द्वारा मृत घोषित कर दिया गया, मौत का कारण अभी अज्ञात है भैरुंदा थाना पुलिस मामले की जाँच कर रही है। मिली जानकारी अनुसार माता पिता की इकलौती ही लड़की थी उनका रो रोकर बुला हाल है। बालिका की मौत की खबर सुन कर परिवार व गांव में शोक की लहर दौड़ गई और अस्पताल परिजनों की भीड़ उमड़ पड़ी। पुलिस ने लड़की का पीएम करवा गया और परिजनों को सौंप दिया गया।

## कलेक्टर के निर्देश पर जिले में जल स्त्रोतों पर बनाए जा रहे बोरी बंधान

**सीहोर।** जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए कलेक्टर के निर्देश पर जिले में बोरी बंधान बनाकर वर्षा जल को रोकने का कार्य किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य वर्षा के अधिक से अधिक पानी को संग्रहित करना है, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके। बोरी बंधान से एक ओर जहां खेतों में नमी बनी रहेगी, वहीं दूसरी ओर गांवों में पेयजल और मवेशियों के लिए भी पानी की कमी नहीं होगी। प्रशासन का प्रयास है कि जल संरक्षण के इस अभियान में ग्रामीण जन भी सक्रिय रूप से भागीदारी निभाएं, जिससे



प्राकृतिक संसाधनों का समुचित उपयोग सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हर ग्राम पंचायत में संभावित जल स्त्रोतों पर बोरी बंधान बनाने की कार्रवाई समय पर पूर्ण की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि क्षेत्र में पानी व्यर्थ न बहे।

### फंदा हाईवे टोल टैक्स पहुंचे विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता

# इज्तिमा में टोल टैक्स फ्री किया तो हिंदू आयोजन के लिए भी करना होगा फ्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर



आलमी तब्लीगी इजितमा मैं वाहनों से आने वाले लोगों के लिए टोल टैक्स फ्री करने की मांग का विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया है।

सोमवार को विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने इंदौर–भोपाल कॉरिडोर होंडा टोल टैक्स पर पहुंचकर काफी देर तक नारेबाजी की ओर टोल टैक्स प्रबंधन को ज्ञापन देकर आलमी तबलीगी इज़्तिमे की तरह पंडित प्रदीप मिश्रा के सभी धार्मिक आयोजन और चिंतामन गणेश मंदिर पर लगने वाले 10 दिवसीय मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को 10 दिनों तक टोल टैक्स में छूट देने की मांग की गई।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला प्रमुख जगदीश कुशवाहा ने बताया कि 14 से 17 नवंबर तक होने वाले इस्लामिक आयोजन के लिए एम.पी.आर.डी.सी के द्वारा टोल फ्री करने की सूचना मिली है।

उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज एमपीआरडीसी टोल द्वारा एक वर्ग एवं विशेष समाज के लिए टोल फ्री करने को लेकर गंभीर आपत्ति, घोर निंदा एवं विरोध करता है क्योंकि हिन्दू लोगों के लिए उनके आयोजनों पर टोल फ्री करने का निर्णय कभी नहीं लिया गया है। यह केवल एक समुदाय विशेष के लिए किया जा रहा है।

हिन्दू समाज ने कई बार धार्मिक आयोजन जैसे राम नवमी, गणेश उत्सव, नवरात्रि पर हिन्दू समाज के श्रद्धालुजनों को टोल शुल्क देना पड़ता है। विश्व हिन्दू परिषद् एवं हिन्दू समाज के धार्मिक कार्यक्रमों को कोई रियायत नहीं दी जाती है।

हिन्दू समाज एवं विश्व हिन्दू परिषद् इस पक्षपात का घोर विरोध करता है और एमपीआरडीसी टोल देवास–आलमाला और फंदा टोल, दोनों को चेतावनी देता है कि अगर एक विशेष समुदाय के लिए टोल को फ्री कर रहे हैं, तो जब हिन्दू समाज के ऐतिहासिक प्राचीन गणेश मंदिर पर 10 दिन का मेला लगता है और अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक प्रदीप मिश्रा की कथा होती है तब भी टोल टैक्स हिंदुओं के लिए फ्री करना होगा। मेला नेशनल लेवल का हिन्दू सांस्कृतिक कार्यक्रम होता है, तो उक्त सभी हिन्दू समाज को भी सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों पर भी हम सनातनियों को आपके टोल द्वारा रियायत विशेष रूप से मिलनी चाहिए।

## दी ऑक्सफोर्ड विद्यालय की टीम जिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता में बनी उपविजेता



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सीहोर

जिला बास्केटबॉल संघ सीहोर के तत्वावधान में आयोजित वित्तीय सीहोर जिला स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कोतवाली बास्केटबॉल ग्राउंड, सीहोर में किया गया। इस प्रतियोगिता में दि ऑक्सफोर्ड हा.से. स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बनाई और शानदार खेल कौशल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। समारोह की मुख्य अतिथि सूबेदार प्राची राजपूत रहीं, जिन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। विद्यालय की टीम में पांचों खिलाड़ियों हर्षित कुजूर, सौरव राज, अनंत मारन, गौतम पाटीदार एवं अर्पित चंद्रवंशी ने सराहनीय प्रदर्शन किया। टीम ने यह उपलब्धि विद्यालय के खेल शिक्षक सुमित शर्मा के मार्गदर्शन में हासिल की। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन, प्राचार्य डॉ. बीना जे. कुरियन, खेल शिक्षा अधिकारी अत्ताउल्ला खान, आलोक शर्मा, प्राचार्य, आवासीय खेलकूद संस्थान तथा विद्यालय के स्टाफ ने विजेता छात्रों को बधाई दी।